# राजस्थान समसामयिकी अगस्त, 2023

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी अगस्त, 2023
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 August, 2023

### ■ एडीजी (सतर्कता) बीजू जॉर्ज जोसफ जयपुर के पुलिस आयुक्त बने–

अगस्त, 2023 में राज्य सरकार ने एडीजी (सतर्कता) बीजू जॉर्ज जोसफ को जयपुर का पुलिस आयुक्त बनाया है।

### ■ राज्य सरकार ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को कृषि आदान-प्रदान का भुगतान करने के लिए 15 जिलों के 2588 गाँवों को अभावग्रस्त घोषित किया–

हाल ही में मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राज्य के ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को कृषि आदान-प्रदान का भुगतान करने के लिए 15 जिलों के 2588 गाँवों को अभावग्रस्त घोषित किया है। ये निम्न हैं—

| जिला | | अभावग्रस्त गाँवों की संख्या |
|---|---|---|
| बाड़मेर | – | 1310 |
| भरतपुर | – | 393 |
| जालौर | – | 292 |
| बीकानेर | – | 136 |
| उदयपुर | – | 110 |
| नागौर | – | 98 |
| झालावाड़ | – | 96 |
| हनुमानगढ़ | – | 56 |
| अलवर | – | 42 |
| धौलपुर | – | 29 |
| कोटा | – | 9 |
| श्रीगंगानगर | – | 6 |
| बूँदी | – | 6 |
| बाराँ | – | 4 |
| अजमेर | – | 1 |

## Newspaper of 2 August, 2023

### ■ राजस्थान के पाँच हैण्डीक्राफ्ट को भौगोलिक संकेतक (जीआई) जारी किया गया–

1 अगस्त, 2023 को केन्द्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इण्डस्ट्री एण्ड इंटरनेशनल ट्रेड के अन्तर्गत चेन्नई स्थित जीआई रजिस्ट्री ने राजस्थान के पाँच हैण्डीक्राफ्ट को भौगोलिक संकेतक (जीआई) जारी किया है। यह निम्न हैं–

(1) नाथद्वारा (राजसमंद) की **पिछवाई कला**

(2) जोधपुर की **बंधेज कला**

(3) उदयपुर की **कोफ्तागिरी मेटल शिल्प**

(4) बीकानेर की **उस्तां कला**

(5) बीकानेर की **कशीदाकारी शिल्प**

इन उत्पादों को 1 अगस्त, 2023 को मिला जीआई टैग वर्ष 2031 तक के लिए है।

गौरतलब है कि राजस्थान में अब तक 21 उत्पादों का जीआई टैग मिल चुका है।

**नवीन जीआईं टैग मिले 5 उत्पादों की विशेषताएँ–**

- **पिछवाई कला** के अन्तर्गत श्रीनाथ जी मंदिर में मूर्ति के पीछे बनी विशेष चित्रकारी है।
- **जोधपुरी बंधेज** के अन्तर्गत मलमल, रेशम और वॉयल कपड़े पर विशेष रंगाई व छपाई की जाती है।
- **उदयपुर कोफ्तागिरी** के अन्तर्गत मेटल क्राफ्ट कला में हथियारों पर डिजाइन, गर्म व ठंडा करने की एक जटिल प्रक्रिया द्वारा अलंकृत किया जाता है।
- **बीकानेर की कशीदाकारी** के अन्तर्गत कपास, रेशम व मखमल पर विभिन्न प्रकार के महीन टांके और दर्पण कार्य किए जाते हैं।
- **बीकानेर उस्तां कला** के अन्तर्गत ऊँट की खाल पर विशेष कारीगरी की जाती है।

## Newspaper of 3 August, 2023

### ■ 2 अगस्त, 2023 को राजस्थान विधानसभा में निम्न विधेयक ध्वनिमत से पारित किए गए–

- सहकारिता विभाग द्वारा प्रस्तुत 'राज्य कृषक ऋण राहत आयोग विधेयक, 2023'
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से प्रस्तुत 'महात्मा गाँधी दिव्यांग विश्वविद्यालय जोधपुर विधेयक, 2023'

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- ऊर्जा विभाग की ओर से प्रस्तुत 'राजस्थान विद्युत (शुल्क) विधेयक, 2023'
- राजस्व विभाग की ओर से प्रस्तुत 'राजस्थान अभिधृति (संशोधन) विधेयक, 2023'
- देवस्थान विभाग की ओर से प्रस्तुत 'नाथद्वारा मन्दिर (संशोधन) विधेयक, 2023'

**राज्य सरकार ने नाथद्वारा में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने हेतु 38.6 करोड़ रुपए स्वीकृत किए–**

2 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने बजट 2023-24 की घोषणा के तहत राजसमंद जिले के नाथद्वारा में एक आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय खोलने हेतु 38.6 करोड़ रुपए स्वीकृत किए।

## Newspaper of 4 August, 2023

**राजस्थान में पहले हैण्डलूम वीक-2023 का उद्घाटन हुआ–**

3 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में पहले हैण्डलूम वीक-2023 का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। हैण्डलूम वीक-2023 विशेष–

- प्रदेश की एमएसएमई नीति में प्रतिवर्ष हैण्डलूम सप्ताह के आयोजन का प्रावधान है।
- इससे राज्य के हैण्डलूम उत्पादों को राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय खरीददार मिल सकेंगे।
- राज्य के हथकरघा बुनकरों एवं खादी के उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा।
- देश के अन्य राज्यों से हस्तशिल्पी और दस्तकार अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन और विक्रय कर सकेंगे।
- यह आयोजन हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग की दृष्टि से बेहतर अवसर साबित होगा।

**मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने 771 करोड़ रुपए लागत के 148 चिकित्सा संस्थानों का लोकार्पण तथा 101 संस्थानों का शिलान्यास किया–**

3 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने 771 करोड़ रुपए लागत के 148 चिकित्सा संस्थानों का लोकार्पण तथा 101 संस्थानों का शिलान्यास किया। इसी के साथ-साथ 25 मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब, 10 चिरंजीवी, 104 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाई।

## Newspaper of 5 August, 2023

**राजस्थान में मुख्यमन्त्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 8 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों का नि:शुल्क बीमा होगा–**

4 अगस्त, 2023 को राजस्थान सरकार ने मुख्यमन्त्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 8 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों का नि:शुल्क बीमा करने की श्रेणी में शामिल किया है। 8 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों की बीमा राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

## Newspaper of 6 August, 2023

**मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राजीव गाँधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का शुभारम्भ किया–**

5 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजीव गाँधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का शुभारम्भ किया। गत वर्ष इन खेलों में हिस्सा लेने के लिए हर वर्ग और उम्र के लगभग 30 लाख खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। इस वर्ष यह संख्या लगभग 58.51 लाख से अधिक है जो कि एक रिकार्ड है।

**राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान राज्य गुरु गोरखनाथ बोर्ड' गठित किया–**

अगस्त, 2023 में राजस्थान सरकार ने राज्य में 'राजस्थान राज्य गुरु गोरखनाथ बोर्ड' का गठन किया। यह बोर्ड जोगी, योगी, नाथ जाति वर्ग की समस्याओं को चिह्नित कर प्रामाणिक रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार को देगा।

- बोर्ड द्वारा समाज के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएँ प्रस्तावित करने, वर्तमान में संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, रोजगार को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में राज्य सरकार को सुझाव देगा।
- समाज के शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नयन, समाज के परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने के सम्बन्ध में सुझाव दिए जाएंगे।
- साथ ही, बोर्ड द्वारा समाज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर तथा मठों के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार, समाज से सम्बन्धित लेख, ग्रन्थ, साहित्य आदि पर शोध, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध ठोस उपाय करने सहित अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- बोर्ड में 5 गैर-सरकारी सदस्य (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 3 सदस्य) होंगे।
- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, स्कूल शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, श्रम, देवस्थान और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के प्रतिनिधि बोर्ड में सरकारी सदस्य के रूप में होंगे।
- प्रशासनिक विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग होगा।

## ■ राज्य में बीकाजी सोलंकी, संत ईशरदास और रामस्नेही सम्प्रदाय के संतों के पैनोरमा बनेंगे–

5 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राज्य में बीकाजी सोलंकी, संत ईशरदास एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के पैनोरमा निर्माण किए जाने को मंजूरी प्रदान की है। इनमें बीकाजी सोलंकी पैनोरमा पाली के देसूरी में, ईशरदास पैनोरमा बाड़मेर के जालीपा में तथा रामस्नेही सम्प्रदाय के संतों के पैनोरमा का निर्माण भीलवाड़ा के शाहपुरा (नवीन जिला-शाहपुरा) में होगा। ये पैनोरमा भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत साबित होंगे।

**Newspaper of 7 August, 2023**

## ■ राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त किए गए–

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के तीन विश्वविद्यालयों में कुलपति पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए। ये निम्न हैं—

- **डॉ. सुनिता मिश्रा** को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में कुलपति नियुक्त किया है।
- **प्रो. केशव सिंह ठाकुर** को गोविन्द गुरु जनजाति विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा में कुलपति नियुक्त किया है।
- **प्रो. मनोज दीक्षित** को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में कुलपति नियुक्त किया है।

**Newspaper of 8 August, 2023**

## ■ 10 संभाग और 50 जिलों का हुआ नवीन राजस्थान–

7 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के नवसृजित जिलों एवं संभागों की शिला-पट्टिकाओं का अनावरण कर नये जिलों एवं संभागों की सौगात दी। अब राजस्थान राज्य में सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था के लिए 10 संभाग एवं 50 जिले हो गए हैं। नवस्थापित जिलों की विस्तृत जानकारी के लिए इनकी वेबसाइट भी लॉन्च की गई है।

### राजस्थान के 50 जिलों की संभागवार स्थिति–

| क्र. सं. | संभाग | जिला |
|---|---|---|
| 1. | जयपुर (7) | जयपुर, जयपुर (ग्रामीण), दूदू, कोटपूतली-बहरोड़, दौसा, खैरथल-तिजारा, अलवर। |
| 2. | सीकर (4) | सीकर, झुंझुनूँ, नीमकाथाना, चूरू |
| 3. | बीकानेर (4) | बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़ |
| 4. | अजमेर (7) | अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, टोंक, नागौर, डीडवाना-कुचामन, शाहपुरा |
| 5. | भरतपुर (6) | भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग, गंगापुरसिटी, सवाईमाधोपुर |
| 6. | कोटा (4) | कोटा, बून्दी, बारां, झालावाड़। |
| 7. | जोधपुर (6) | जोधपुर, जोधपुर (ग्रामीण), फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा। |
| 8. | पाली (4) | पाली, जालोर, सांचौर, सिरोही। |
| 9. | उदयपुर (5) | उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद, सलूम्बर। |
| 10. | बांसवाड़ा (3) | बांसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़। |

**नोट**–जयपुर एवं अजमेर संभाग में सर्वाधिक सात जिले हैं। तथा बांसवाड़ा संभाग में सबसे कम तीन जिले हैं। जोधपुर संभाग सबसे बड़ा एवं बांसवाड़ा संभाग सबसे छोटा है।




### राजस्थान के नवीन पुनर्गठित जिले एक नजर में–

अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, फलौदी, डीडवाना-

SP संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कुचामन, सलूम्बर, दूदू, केकड़ी, सांचौर, शाहपुरा, जयपुर-ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, गंगापुर सिटी, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, नीमकाथाना।

## 1. जिला–ब्यावर




**ब्यावर जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें**

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्यावर | ब्यावर | अजमेर |
| 2. | टाटगढ़ | टाटगढ़ | अजमेर |
| 3. | मसूदा | मसूदा | अजमेर |
| | | विजयनगर | अजमेर |
| 4. | जैतारण | जैतारण | पाली |
| 5. | रायपुर | रायपुर | पाली |
| 6. | बदनोर | बदनोर | भीलवाड़ा |

- **सीमावर्ती जिले**–नागौर, अजमेर, केकड़ी, भीलवाड़ा, राजसमंद, पाली, जोधपुर ग्रामीण।

## 2. जिला–केकड़ी





**केकड़ी जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें**

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | केकड़ी | केकड़ी | अजमेर |
| 2. | सावर | सावर | अजमेर |
| 3. | भिनाय | भिनाय | अजमेर |
| 4. | सरवाड़ | सरवाड़ | अजमेर |
| | | टांटोटी | अजमेर |
| 5. | टोडारायसिंह | टोडारायसिंह | टोंक |

- **सीमावर्ती जिले**–टोंक, अजमेर, ब्यावर, शाहपुरा, भीलवाड़ा

## 3. जिला–डीडवाना-कुचामन




संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### डीडवाना-कुचामन जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | डीडवाना | डीडवाना | नागौर |
| | | मौलासर | नागौर |
| | | छोटी खाटू | नागौर |
| 2. | लाडनूँ | लाडनूँ | नागौर |
| 3. | परबतसर | परबतसर | नागौर |
| 4. | मकराना | मकराना | नागौर |
| 5. | नावां | नावां | नागौर |
| 6. | कुचामनसिटी | कुचामनसिटी | नागौर |

- **सीमावर्ती जिले**–चूरू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर, नागौर।

## 4. जिला–शाहपुरा




### शाहपुरा जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | शाहपुरा | शाहपुरा | भीलवाड़ा |
| 2. | जहाजपुर | जहाजपुर | भीलवाड़ा |
| | | काछोला | भीलवाड़ा |
| 3. | फूलियाकलां | फूलियाकलां | भीलवाड़ा |
| 4. | बनेड़ा | बनेड़ा | भीलवाड़ा |
| 5. | कोटडी | कोटडी | भीलवाड़ा |

- **सीमावर्ती जिले**–केकड़ी, भीलवाड़ा, बूँदी, टोंक।

## 5. जिला–डीग




### डीग जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | डीग | डीग | भरतपुर |
| | | जनूथर | भरतपुर |
| 2. | कुम्हेर | कुम्हेर | भरतपुर |
| | | रारह | भरतपुर |
| 3. | नगर | नगर | भरतपुर |
| 4. | सीकरी | सीकरी | भरतपुर |
| 5. | कामां | कामां | भरतपुर |
| | | जुरहरा | भरतपुर |
| 6. | पहाड़ी | पहाड़ी | भरतपुर |

- **सीमावर्ती राज्य**–हरियाणा, उत्तरप्रदेश।
- **सीमावर्ती जिले**–अलवर, भरतपुर।

## 6. जिला–गंगापुर सिटी

### गंगापुर सिटी जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | गंगापुर सिटी | तलावड़ा | सवाई माधोपुर |
| 2. | वजीरपुर | वजीरपुर | सवाई माधोपुर |
| 3. | बामनवास | बरनाला | सवाई माधोपुर |
| 4. | टोडाभीम | टोडाभीम | करौली |
| 5. | नादोती | नादोती | करौली |

- **सीमावर्ती जिले**–दौसा, करौली, सवाई माधोपुर।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com




## 7. जिला–अनूपगढ़





### अनूपगढ़ जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | अनूपगढ़ | अनूपगढ़ | श्रीगंगानगर |
| 2. | रायसिंहनगर | रायसिंहनगर | श्रीगंगानगर |
| 3. | श्रीविजयनगर | श्रीविजयनगर | श्रीगंगानगर |
| 4. | घडसाना | घडसाना | श्रीगंगानगर |
| | | रावला | श्रीगंगानगर |
| 5. | छत्तरगढ़ | छत्तरगढ़ | बीकानेर |
| 6. | खाजूवाला | खाजूवाला | बीकानेर |

- **सीमावर्ती देश**–पाकिस्तान।
- **सीमावर्ती जिले**–बीकानेर, श्रीगंगानगर।

## 8. जिला–जयपुर





### जयपुर जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | जयपुर | तहसील **जयपुर** का नगर निगम जयपुर (हेरिटेज) एवं नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग | जयपुर |
| | | तहसील **कालवाड़** का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग | जयपुर |
| 2. | आमेर | तहसील **आमेर** का नगर जयपुर (हेरिटेज) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग | जयपुर |
| 3. | सांगानेर | तहसील **सांगानेर** का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग | जयपुर |

- **सीमावर्ती जिला**–जयपुर ग्रामीण

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## 9. जिला–जयपुर ग्रामीण




### जयपुर ग्रामीण जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | जयपुर | तहसील **जयपुर** का नगर निगम जयपुर (हेरिटेज) एवं नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग | जयपुर |
| | | तहसील **कालवाड़** का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग | जयपुर |
| 2. | सांगानेर | तहसील **सांगानेर** का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग | |
| 3. | आमेर | तहसील **आमेर** का नगर निगम जयपुर (हेरिटेज) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग | |
| | | जालसू | |
| 4. | बस्सी | बस्सी | जयपुर |
| | | तूंगा | जयपुर |
| 5. | चाकसू | चाकसू | जयपुर |
| | | कोटखावदा | जयपुर |
| 6. | जमवारामगढ़ | जमवारामगढ़ | जयपुर |
| | | आंधी | जयपुर |
| 7. | चौमू | चौमू | जयपुर |
| 8. | सांभरलेक | फुलेरा (मुख्यालय-सांभरलेक) | जयपुर |
| 9. | माधोराजपुरा | माधोराजपुरा | जयपुर |
| 10. | रामपुरा डाबडी | रामपुरा डाबडी | जयपुर |
| 11. | किशनगढ़ रेनवाल | किशनगढ़ रेनवाल | जयपुर |
| 12. | जोबनेर | जोबनेर | जयपुर |
| 13. | शाहपुरा | शाहपुरा | जयपुर |

- **सीमावर्ती जिले**–जयपुर, नीमकाथाना, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, दौसा, टोंक, दूदू, अजमेर, डीडवाना-कुचामन, सीकर।

## 10. जिला–दूदू




### दूदू जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | मौजमाबाद | मौजमाबाद | जयपुर |
| 2. | दूदू | दूदू | जयपुर |
| 3. | फागी | फागी | जयपुर |

- **सीमावर्ती जिले**–जयपुर ग्रामीण, टोंक, अजमेर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## 11. जिला–कोटपूतली-बहरोड़




### कोटपूतली-बहरोड़ जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | बहरोड़ | बहरोड़ | अलवर |
| 2. | बानसूर | बानसूर | अलवर |
| 3. | नीमराना | नीमराना | अलवर |
| | | मांढण | अलवर |
| 4. | नारायणपुर | नारायणपुर | अलवर |
| 5. | कोटपूतली | कोटपूतली | जयपुर |
| 6. | विराटनगर | विराटनगर | जयपुर |
| 7. | पावटा | पावटा | जयपुर |

- **सीमावर्ती राज्य**–हरियाणा।
- **सीमावर्ती जिले**–खैरथल–तिजारा, नीमकाथाना, जयपुर ग्रामीण, अलवर।

## 12. जिला–खैरथल-तिजारा




### खैरथल-तिजारा जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | तिजारा | तिजारा | अलवर |
| 2. | किशनगढ़बास | किशनगढ़बास | अलवर |
| | | खैरथल | अलवर |
| 3. | कोटकासिम | कोटकासिम | अलवर |
| | | हरसोली | अलवर |
| 4. | टपूकडा | टपूकडा | अलवर |
| 5. | मुंडावर | मुंडावर | अलवर |

- **सीमावर्ती राज्य**–हरियाणा।
- **सीमावर्ती जिले**–अलवर, कोटपूतली–बहरोड़।

## 13. जिला–जोधपुर

### जोधपुर जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें


| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | जोधपुर उत्तर | जोधपुर तहसील का नगर निगम के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग | जोधपुर |
| 2. | जोधपुर दक्षिण | जोधपुर तहसील का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग | जोधपुर |

- **सीमावर्ती जिला**–जोधपुर ग्रामीण।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com




## 14. जिला–जोधपुर ग्रामीण





### जोधपुर ग्रामीण जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | जोधपुर उत्तर | तहसील जोधपुर का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग | जोधपुर |
| 2. | जोधपुर दक्षिण | तहसील जोधपुर का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग | जोधपुर |
| | | कुड़ी भगतासनी | |
| 3. | लूणी | लूणी | जोधपुर |
| | | झंवर | जोधपुर |
| 4. | बिलाड़ा | बिलाड़ा | जोधपुर |
| 5. | भोपालगढ़ | भोपालगढ़ | जोधपुर |
| 6. | पीपाड़सिटी | पीपाड़सिटी | जोधपुर |
| 7. | ओसियाँ | ओसियाँ | जोधपुर |
| | | तिंवरी | जोधपुर |
| 8. | बावड़ी | बावड़ी | जोधपुर |
| 9. | शेरगढ़ | शेरगढ़ | जोधपुर |
| 10. | बालेसर | बालेसर | जोधपुर |
| | | सेखाला | जोधपुर |
| | | चामू | जोधपुर |

- **सीमावर्ती जिले**–जोधपुर, फलौदी, नागौर, ब्यावर, पाली, बालोतरा, जैसलमेर।

## 15. जिला–फलौदी




### फलौदी जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | फलौदी | फलौदी | जोधपुर |
| 2. | लोहावट | लोहावट | जोधपुर |
| 3. | आऊ | आऊ | जोधपुर |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| क्र. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 4. | देचू | देचू | जोधपुर |
| | | सेतरावा | जोधपुर |
| 5. | बाप | बाप | जोधपुर |
| | | • **नोख उप-तहसील** (तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर) के 5 पटवार मण्डलों नोख, टावरी-वाला (तवरीवाला), जालूवाला, मदासर, बोड़ना के अन्तर्गत 7 ग्राम पंचायतों नोख, टावरीवाला (तवरीवाला), जालूवाला, मदासर, बोड़णा, तालरिया एवं शक्ति नगर के कुल 32 गाँव, बाप तहसील में सम्मिलित।<br>• नोट-उक्त में से **जालूवाला** ग्राम पंचायत के **रायचन्दवाला** (Raichandwala) एवं **मालासर** (Malasar) गांवों की सरहद भारत-पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगती है। (राजस्व विभाग, ग्रुप-1 की अधिसूचना दिनांक **03.08.2023** के अनुसार) | **जैसलमेर** (तहसील -पोकरण) |
| | | घंटियाली | जोधपुर |
| 6. | बापिणी | बापिणी | जोधपुर |

- **सीमावर्ती देश**-पाकिस्तान।
- **सीमावर्ती जिले**-बीकानेर, नागौर, जोधपुर ग्रामीण, जैसलमेर।

## 16. जिला-बालोतरा




### बालोतरा जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | बालोतरा | पचपदरा | बाड़मेर |
| | | कल्याणपुर | बाड़मेर |
| 2. | सिवाना | सिवाना | बाड़मेर |
| | | समदड़ी | बाड़मेर |
| 3. | बायतु | बायतु | बाड़मेर |
| | | गिड़ा | बाड़मेर |
| 4. | सिणधरी | सिणधरी | बाड़मेर |

- **सीमावर्ती जिले**-जैसलमेर, बाड़मेर, सांचौर, जालोर, पाली, जोधपुर ग्रामीण।

## 17. जिला-सांचौर




### सांचौर जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | सांचौर | सांचौर | जालोर |
| 2. | बागौड़ा | बागौड़ा | जालोर |
| 3. | चितलवाना | चितलवाना | जालोर |
| 4. | रानीवाड़ा | रानीवाड़ा | जालोर |

- **सीमावर्ती राज्य**-गुजरात।
- **सीमावर्ती जिले**-बाड़मेर, बालोतरा, जालोर, सिरोही।

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## 18. जिला–नीमकाथाना




**नीमकाथाना जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें**

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | नीमकाथाना | नीमकाथाना | सीकर |
| | | पाटन | सीकर |
| 2. | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | सीकर |
| 3. | उदयपुरवाटी | उदयपुरवाटी | झुंझुनूँ |
| 4. | खेतड़ी | खेतड़ी | झुंझुनूँ |

- **सीमावर्ती राज्य**–हरियाणा।
- **सीमावर्ती जिले**–झुंझुनूँ, सीकर, जयपुर ग्रामीण, कोटपूतली–बहरोड़।

## 19. जिला–सलूम्बर




**सलूम्बर जिले के उपखण्ड एवं तहसीलें**

| क्र.सं. | उपखण्ड | तहसील | पूर्व जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | सराड़ा | सराड़ा | उदयपुर |
| 2. | सेमारी | सेमारी | उदयपुर |
| 3. | लसाड़िया | लसाड़िया | उदयपुर |
| 4. | सलूम्बर | सलूम्बर | उदयपुर |
| | | झल्लारा | उदयपुर |

- **सीमावर्ती जिले**–उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूँगरपुर।

- **राजस्थान सरकार की जन आधार योजना को 'ईटी गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड्स, 2023' के दौरान 'डिजिटल ट्रांसफार्मेशन इन सोशल सेक्टर' श्रेणी में गोल्ड अवार्ड हासिल हुआ है।**

- **जल संसाधन विभाग को ईटी गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड–2023 मिला–**

हाल ही में जल संसाधन विभाग राजस्थान विभाग, राजस्थान को डिजिटल पहल की श्रेणी में ईटी गवर्नमेंट डिजिटेक अवार्ड–2023 से सम्मानित किया गया है। राजस्थान में जल क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के उत्कृष्ट उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर यह पुरस्कार मिला है।

- **राजस्थान में 11 नगर निगम हुए–**

नगर परिषद् अलवर के नगर निगम में क्रमोन्नत होने के बाद राजस्थान में अब 11 नगर निगम हो गए हैं। अलवर को नगर परिषद् के क्रमोन्नयन के मानकों में शिथिलता देते हुए नगर निगम बनाया गया है। राजस्थान के 11 नगर निगम निम्न हैं–अजमेर, अलवर, बीकानेर, जयपुर ग्रेटर, जयपुर हेरिटेज, जोधपुर उत्तर, जोधपुर दक्षिण, कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, उदयपुर, भरतपुर।

### Newspaper of 9 August, 2023

- **गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा में इन्क्यूबेशन एण्ड इनोवेशन सेंटर स्थापित होगा–**

हाल ही में राज्य सरकार ने बाँसवाड़ा जिले के गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन एण्ड इनोवेशन सेंटर की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस सेंटर के माध्यम से आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को इनोवेशन स्किल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

- इससे जनजाति क्षेत्र के युवाओं को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ावा मिल सकेगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- इन्क्यूबेशन सेंटर उद्यमियों के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे के साथ इन्क्यूबेशन स्थान, प्रयोगशाला, सभागार, टिंकरिंग लैब, एआर/वीआर सेटअप प्रदान करेगा।
- सेंटर का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सिद्धान्तों और तकनीक का उपयोग कर आम जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब की स्थापना होगी–

राजस्थान के विद्यार्थियों और युवाओं में इनोवेशन स्किल बढ़ाने और उन्हें स्टार्टअप्स के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बीकानेर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब की स्थापना होगी। इस हेतु राजस्थान सरकार ने हाल ही में स्वीकृति प्रदान की है।

- इस इनोवेशन हब में इन्क्यूबेशन सेंटर, प्रयोगशाला, सभागार, टिंकरिंग लैब एवं एआर/वीआर सेटअप की सुविधा मिलेगी।
- विद्यार्थियों को स्टार्टअप्स स्थापित करने के लिए विशेषज्ञों से प्रशिक्षण मिलेगा।
- संस्था में युवाओं और मिड कैरियर पेशेवरों की योग्यता और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए आरकैट भी स्थापित होगा।

## Newspaper of 10 August, 2023

### मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने बाँसवाड़ा स्थित मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की–

9 अगस्त, 2023 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने बाँसवाड़ा स्थित मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की। इस धाम के विकास पर राज्य सरकार 100 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

## Newspaper of 11 August, 2023

### भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में महत्त्वपूर्ण फैसले लिए–

**—UPI लाइट से ऑफलाइन भुगतान की सीमा 200 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए हुई।**

**—ईएमआई को फ्लोटिंग से फिक्स्ड रेट में बदलाव कर सकेंगे।**

**—RBI डिजिटल लोन दिलाएगा।**

—हाल ही में अगस्त, 2023 में हुई भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में महत्त्वपूर्ण फैसले लिए है, इसके तहत—

- RBI नियर फील्ड कम्यूनिकेशन (NFC) का इस्तेमाल करते हुए UPI लाइट से ऑफलाइन भुगतान की सीमा 200 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए करने जा रहा है। कुल भुगतान की सीमा 2000 रुपए होगी। UPI लाइट दिसम्बर, 2022 में लॉन्च किया गया था।
- लोगों का शोषण करने वाली फिनटेक कम्पनियों पर लगाम लगाने के लिए अब RBI खुद का अपना डिजिटल लोन प्लेटफार्म लेकर आ रहा है। इसके लिए सार्वजनिक टेक्नॉलोजी प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है।
- अब होम लोन लेने वाले लोग ईएमआई को कभी भी फ्लोटिंग से फिक्स्ड रेट में बदल सकेंगे। बैंकों की ओर से ग्राहकों को इसका विकल्प दिया जाएगा।

## Newspaper of 12 August, 2023

### 'लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना' का शुभारम्भ हुआ–

11 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राज्य में 'मुख्यमन्त्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना' का शुभारम्भ किया। योजना के तहत लोक कलाकार परिवारों को प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए वर्ष में न्यूनतम 100 दिन का अवसर उपलब्ध करवाया जाएगा।

### 'राजस्थान राज्य महावृक्ष प्रतियोगिता' शुरू हुई–

राज्य में स्थानीय वृक्षों के संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 'राजस्थान राज्य महावृक्ष प्रतियोगिता' शुरू की गई है। यह प्रतियोगिता विभिन्न प्रजातियों के बड़े वृक्षों को खोजने का प्रयास है। इस प्रतियोगिता के लिए पीपल, बरगद, रोहिनी, आम, चिरोंजी, सीताफल, खजूर, कैर, कल्पवृक्ष, आंवला, शीशम, गूगल, आकाश, नीम, रोहिड़ा, शहतूत, बीलपत्र, कदम्ब, सागवान, अमलतास, इमली, नीम, खेजड़ी सहित 113 प्रजातियों के वृक्षों को सूचीबद्ध किया है।

## Newspaper of 13 August, 2023

### मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने विधायकों के लिए बनाए 160 फ्लैट्स का लोकार्पण किया–

12 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने विधायकों के लिए नवनिर्मित आलीशान 160 फ्लैट्स का लोकार्पण किया। राज्य विधानसभा के पास विधायक आवास

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

योजना में 24160 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर छह बहुमंजिले टावर में 3200 वर्गफीट वाले 160 फ्लैट्स बने हैं।

विधायक आवास योजना विशेष—

- 444 करोड़ रुपए परियोजना की कुल लागत।
- 160 फ्लैट्स विधायकों के लिए तैयार किए गए हैं।
- 3200 वर्गफीट का एक फ्लैट है, जिसमें चार कमरे होंगे।
- 921 वाहनों की पार्किंग सुविधा है।
- 05 वर्षों तक रख-रखाव की जिम्मेदारी भी निर्माण करने वाले ठेकेदार की होगी।

## Newspaper of 14 August, 2023

■ **बीकानेर और अजमेर में बायोलॉजिकल पार्क बनेगा–**

राजस्थान के बीकानेर और अजमेर जिले में बायोलॉजिकल पार्क की स्थापना की जाएगी तथा इसके साथ-साथ ही जयपुर जंतुआलय को पक्षी विहार एवं रेस्क्यू सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।

■ **सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ उपखण्ड के गाँव छोटी खुड़ी में राज्य का दूसरा राजस्थान स्काउट आवासीय विद्यालय का भवन बनेगा।**

■ **राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में साइबर अपराध जाँच केन्द्र खुलेगा–**

ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने तथा साइबर अपराधों की जाँच के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में साइबर अपराध जाँच केन्द्र की स्थापना की जाएगी। यह केन्द्र बढ़ते साइबर अपराधों से निपटने के लिए अधिकारियों को अनुसन्धान में दक्ष बनाएगा।

राजस्थान पुलिस अकादमी में स्थित स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रेक का निर्माण भी होगा।

## Newspaper of 16 August, 2023

■ **मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राज्य में 'मुख्यमन्त्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना' का शुभारम्भ किया–**

15 अगस्त, 2023 स्वाधीनता दिवस के मौके पर मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राज्य में 'मुख्यमन्त्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना' का शुभारम्भ किया। इस योजना के तहत राज्य में 1.04 करोड़ से अधिक परिवारों को हर माह नि:शुल्क फूड पैकेट वितरित किये जाएंगे।

**अन्नपूर्णा फूड पैकेट में....**

प्रदेश में कोई भूखा न सोए के संकल्प को साकार करने की दिशा में पीओएस मशीन के माध्यम से वितरित किए जाने वाले इस अन्नपूर्णा फूड पैकेट में एक-एक किलो चना दाल, चीनी एवं आयोडाइज्ड नमक, एक लीटर सोयाबीन रिफाइण्ड खाद्य तेल, 100-100 ग्राम मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर तथा 50 ग्राम हल्दी पाउडर मिलेगा।

- भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) में अधिकतम लाभार्थियों की सीमा निश्चित करने से कई जरूरतमंद परिवार इसके लाभ से वंचित हैं।
- राज्य सरकार ने कोविड के दौरान निराश्रित परिवारों का सर्वे कर लगभग 32 लाख एनएफएसए एवं नॉन-एनएफएसए परिवारों को 5,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी थी। अब ऐसे परिवारों को भी अन्नपूर्णा फूड पैकेट उपलब्ध करवाएगी।
- केन्द्र सरकार को खाद्य सुरक्षा के लिए राशि वितरण की अवधि 6-6 माह बढ़ाने के बजाय नियमित रूप से लागू करना चाहिए।

■ **राजस्थान मिशन 2030 अभियान–**

राज्य में मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद् (CMRETAC) के नेतृत्व में विकसित किए जाने वाले राजस्थान 2030 का दस्तावेज तैयार करने के लिए 'राजस्थान मिशन-2030 अभियान' 15 अगस्त, 2023 से 30 सितम्बर, 2023, की अवधि में चलाया जा रहा है। मिशन 2030 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प लिया है।

## Newspaper of 17 August, 2023

■ **राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने 'वात्सल्य (फोस्टर केयर) अभियान' की शुरुआत की–**

हाल ही में राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रदेश में बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा, अपराध अथवा शोषण के शिकार होने से रोकने के लिए एक नवाचारी अभियान 'वात्सल्य (फोस्टर केयर) अभियान' शुरू किया है। यह अभियान 0 से लेकर 18 वर्ष तक उम्र वाले बच्चों को पारिवारिक परिवेश में पलने-बढ़ने के लिए है।

■ **रिटायर्ड मेजर जनरल आलोक राज राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष बने–**

अगस्त, 2023 में राजस्थान सरकार ने रिटायर्ड मेजर जनरल

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

आलोक राज को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पूर्व अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा का कार्यकाल 7 अक्टूबर, 2023 तक था, लेकिन उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया था।

## Newspaper of 18 August, 2023

### ■ 'राजस्थान राज्य बालीनाथ बोर्ड' का गठन किया गया–

हाल ही में राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान राज्य बालीनाथ बोर्ड' के गठन की अधिसूचना जारी की है। यह बोर्ड बैरवा जाति वर्ग की स्थिति का जायजा लेने, प्रामाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा इनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सुझाव देगा। बोर्ड द्वारा जन-कल्याण के लिए योजनाएँ प्रस्तावित करने और संचालित योजनाओं के लिए विविध विभागों से समन्वय के साथ ही समाज के परम्परागत व्यवसायों को नए तरीकों से आगे बढ़ाने तथा शिक्षा, रोजगार एवं आर्थिक उन्नयन के लिए सुझाव दिए जाएंगे।

- ♦ सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के विरुद्ध ठोस उपाय करने सहित अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे।
- ♦ बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, 3 गैर-सरकारी सदस्य तथा 6 विभागों के अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि सरकारी सदस्य के रूप में होंगे।

### ■ राजस्थान आवासन मण्डल को सिंगापुर में दो अन्तर्राष्ट्रीय खिताब मिले, आवासन आयुक्त को 'एग्जंपलरी लीडरशिप एंड सीएसआर इनीशिएटिव अवार्ड व मण्डल को एशिया'ज बेस्ट एंप्लॉयर ब्रांड अवार्ड-2023 मिला–

हाल ही में राजस्थान आवासन मण्डल को सिंगापुर में दो अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड मिले हैं जिसमें आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को द वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस की ओर से एग्जंपलरी लीडरशिप एंड सीएसआर इनीशिएटिव अवार्ड से तथा मण्डल को एशिया'ज बेस्ट एंप्लॉयर ब्रांड अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया।

## Newspaper of 19 August, 2023

### ■ मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने समर्थ सखी, इंदिरा रसोई योजना–ग्रामीण, एकीकृत खेती क्लस्टर ( आईएफसी ) कार्यक्रम और डिजिटल सखी योजनाओं का शुभारम्भ किया–

18 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परिषद् (राजीविका) द्वारा आयोजित 'सखी सम्मेलन' में समर्थ सखी, इंदिरा रसोई योजना—ग्रामीण, एकीकृत खेती क्लस्टर (आईएफसी) कार्यक्रम और डिजिटल सखी योजनाओं का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने निम्न घोषणाएँ कीं—

- ♦ राजीविका कैडर से जुड़ी महिलाओं के मानदेय में 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होगी।
- ♦ महिलाओं को कृषि एवं गैर-कृषि क्षेत्र में 1,000 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।
- ♦ महिलाएँ 2.5% की जगह 0% ब्याज दर पर स्कूटी खरीद पाएंगी।
- ♦ उड़ान योजना के तहत सेनेटरी नैपकिन की पूरी सप्लाई एवं बनाने का कार्य चरणबद्ध रूप से राजीविका को सौंपा जाएगा।
- ♦ इंदिरा रसोई योजना-ग्रामीण के तहत 1,000 रसोइयों का संचालन एवं प्रबन्धन राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा।
- ♦ डिजिटल सखी योजना के तहत महिलाओं को डिजिटल प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- ♦ एकीकृत खेती क्लस्टर (आईएफसी) कार्यक्रम से महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

### ■ अगस्त, 2023 में डूँगरपुर राजवंश के 34वें पूर्व महारावल महिपाल सिंह ( 92 ) का निधन हो गया।

## Newspaper of 21 August, 2023

### ■ किशोर रूंगटा को चौथा राजीव गाँधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2023 मिला–

अगस्त, 2023 में क्रिकेट में अपने योगदान के लिए किशोर रूंगटा को चौथे राजीव गाँधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि किशोर रूंगटा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व कोषाध्यक्ष और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव भी रह चुके हैं।

### ■ वनस्थली विद्यापीठ को वर्ष 2023 का 'राजीव गांधी राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया–

'वनस्थली विद्यापीठ' को 20 अगस्त, 2023 को वर्ष 2023 के 'राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार शांति, साम्प्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए विशेष योगदान के लिए किसी व्यक्ति

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

या संस्था को दिया जाता है। इस पुरस्कार के तहत ₹ 10 लाख की नकद राशि और एक प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है।

वनस्थली विद्यापीठ महिलाओं के लिए प्रतिष्ठित आवासीय शैक्षणिक संस्थान है।

**Newspaper of 22 August, 2023**

■ **राजस्थान में स्टाम्प ड्यूटी और अन्य शुल्कों के लिए 'राज-स्टाम्प' सुविधा शुरू हुई–**

राजस्थान में विविध दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी तथा अन्य शुल्कों के भुगतान के लिए ऑनलाइन 'राज-स्टाम्प' सुविधा शुरू करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इसके तहत—

- दस्तावेजों की पंजीयन फीस आदि के भुगतान के लिए ई-स्टाम्प एवं ई-ग्रास के विकल्प के तौर पर 'राज स्टाम्प' सुविधा शुरू की जा रही है।
- नई सुविधा से आमजन के लिए स्टाम्प फीस आदि की भुगतान प्रक्रिया सरल हो सकेगी और लोगों के समय की बचत होगी।

■ **राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के वर्ष 2022-23 के वार्षिक पुरस्कारों वितरण–**

21 अगस्त, 2023 को राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृत अकादमी का वर्ष 2022-23 का वार्षिक पुरस्कार एवं सम्मान समारोह बीकानेर में आयोजित हुआ, इसमें वर्ष 2022-23 के लिए निम्न पुरस्कारों का वितरण हुआ–

| पुरस्कार | विजेता | कृति |
|---|---|---|
| सूर्यमल्ल मीसण शिखर पुरस्कार (पद्य) (₹ 71 हजार) | मधु आचार्य आशावादी (बीकानेर) | 'पीड़ आडी पाळ बाध' |
| गणेशीलाल व्यास उत्पाद पद्य पुरस्कार (₹ 51 हजार) | ओम नगर (बाराँ) | 'बापू : एक कवि की चितार' |
| शिवचंद भरतिया गद्य पुरस्कार (₹ 51 हजार) | कमल रंगा (बीकानेर) | 'आलोचना रै आभै सोळह कलावां' |
| मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार (₹ 51 हजार) | डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (अलवर) | 'भरखमा' |
| बावजी चतर सिंह अनुवाद पुरस्कार (₹ 31 हजार) | राजूराम बिजारणियाँ (लूणकरणसर) | 'झोकड़ी खावतो बगत' |
| सांवर दइया पैली पौथी पुरस्कार (₹ 31 हजार) | मोहन पुरी (भीलवाड़ा) | 'अचपळी बातां' |
| जवाहरलाल नेहरू राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार (₹ 31 हजार) | किरण बादळ (रायसिंहनगर) | 'टाबरां री दुनियां' |
| प्रेमजी प्रेम राजस्थानी युवा लेखन पुरस्कार (₹ 31 हजार) | देवीलाल महिया (लूणकरणसर) | 'अंतस रो ओळमो' |
| राजस्थानी महिला लेखन पुरस्कार (₹ 31 हजार) | डॉ. कृष्णा आचार्य (बीकानेर) | 'नाहर सिरखी नारियां' |
| रावत सारस्वत राजस्थानी साहित्यिक पत्रकारिता पुरस्कार (₹ 31 हजार) | 'राजस्थली' पत्रिका श्रीडूँगरगढ़। | |

**अन्य पुरस्कार–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| • | राजस्थानी भाषा सम्मान | (₹ 51,000) | डॉ. चन्द्रप्रकाश देवल (अजमेर)। |
| • | राजस्थानी साहित्य सम्मान | (₹ 51,000) | वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अर्जुन देव चारण (जोधपुर)। |
| • | राजस्थानी संस्कृति सम्मान | (₹ 51,000) | ब्रजरतन जोशी (बीकानेर)। |
| • | राजस्थानी प्रवासी साहित्यकार सम्मान | (₹ 51,000) | रामबक्स (मुंबई)। |
| • | आगीवाण सम्मान | (₹ 31,000) | नंदकिशोर शर्मा (जैसलमेर), मेहरचंद धामू (परलीका, हनुमानगढ़), चांदकौर जोशी (जोधपुर), दीनदयाल ओझा (जैसलमेर), सोहनदान चारण (जोधपुर), भोगीलाल पाटीदार (डूँगरपुर), भंवरलाल भ्रमर (बीकानेर), गौरीशंकर भावुक (तालछापर, सुजानगढ़), पुरुषोत्तम पल्लव (उदयपुर), श्याम जाँगिड़ (चिड़ावा, झुंझुनूँ), गोपाल व्यास (बीकानेर), मुकट मणिराज (कोटा), बिशन मतवाला (बीकानेर), उपेंद्र अणु (ऋषभदेव, उदयपुर)। |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 23 August, 2023

### ■ सीकर सभी पंचायतों में पशु चिकित्सालय वाला राजस्थान का पहला जिला बना–

हाल ही में अगस्त, 2023 में सीकर राज्य का पहला जिला बन गया है जहाँ सभी ग्राम पंचायतों में पशु चिकित्सालय उपलब्ध हैं।

### ■ मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने 'राजस्थान मिशन-2030' का शुभारम्भ किया–

22 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने 'राजस्थान मिशन-2030' का शुभारम्भ किया। यह मिशन राजस्थान को वर्ष 2030 तक हर क्षेत्र में भारत का सिरमौर राज्य बनाने के लिए किया जा रहा है। राजस्थान मिशन 2030 के अन्तर्गत राजस्थान की प्रगति के संकल्प के रूप में विजन 2030 डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा जिसमें—

- आम प्रदेशवासियों से वेबसाइट www.mission2030.rajasthan.gov.in टोल फ्री फोन नम्बर, वीडियो मैसेज, कॉन्टेस्ट, निबन्ध प्रतियोगिताओं के जरिए सुझाव और विचार लिए जाएंगे।
- मुख्यमन्त्री स्वयं विविध हितधारकों और विषय विशेषज्ञों के साथ संवाद करेंगे।
- सम्भाग एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा विभागीय अधिकारी सुझाव देंगे।
- राजीव गाँधी युवा मित्रों और महात्मा गाँधी सेवा प्रेरकों के जरिए फेस टू फेस सर्वे किया जाएगा।
- सबसे पहले विभागीय डॉक्यूमेंट जारी किया जाएगा। फिर, मुख्यमन्त्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद् के नेतृत्व में राज्य का विजन 2030 डॉक्यूमेंट देश के सामने होगा।

### ■ कुम्भलगढ़ टाइगर रिजर्व को मंजूरी–

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय ने कुम्भलगढ़ टाइगर रिजर्व के लिए सैद्धान्तिक मंजूरी राज्य सरकार को भेजी है। मन्त्रालय ने राज्य सरकार से कुम्भलगढ़ टाइगर रिजर्व पर कोर, बफर और इको सेंसिटिव जोन के अपडेट प्रस्ताव माँगे हैं। 4 अगस्त, 2023 की बैठक में एनसीटीए ने कुम्भलगढ़ टाइगर रिजर्व पर मोहर लगाई थी।

गौरतलब है कि यहाँ रणथम्भौर से टाइगर भेजे जाएँगे। इससे बाघों का संरक्षण होगा तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## Newspaper of 25 August, 2023

### ■ मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के दूसरे चरण का शुभारम्भ किया–

24 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के दूसरे चरण का शुभारम्भ किया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अभियान में यह निर्धारित किया गया कि—

- वर्ष 2025 तक राजस्थान को क्षयमुक्त बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य है।
- प्रदेश में सभी ने मिलकर कोविड-19 महामारी का सामना किया, उसी तरह सभी को साथ लेकर राजस्थान को टीबी मुक्त बनाया जाएगा।
- विश्व के 26% टीबी के मरीज भारत में हैं तथा इनमें से 6% राजस्थान में है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के रोगियों को चिन्हित कर उनका समुचित उपचार करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।
- इस वर्ष राज्य की 7,000 पंचायतों को टीबी रोग से मुक्त रखने के लिए अभियान का द्वितीय चरण शुरू हुआ है।
- इस दौरान मुख्यमन्त्री ने 29 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित किया।
- अंगदान महाअभियान के दौरान सर्वाधिक अंगदान की शपथ लेने वाले जिलों के मुख्य चिकित्सा-स्वास्थ्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।
- मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच के लिए एएनएम को वात्सल्य डिजिटल किट का वितरण भी किया। सीएम गहलोत ने 70 नई 108 एवं 104 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया।

### ■ राजस्थान सरकार ने हथकरघा निदेशालय के लिए अधिसूचना जारी की–

राजस्थान सरकार की हस्तशिल्प नीति 2022 के क्रियान्वयन के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने **हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय** के गठन के लिए अधिसूचना जारी की है। इस निदेशालय का मुख्यालय जोधपुर रहेगा।

निदेशालय का उद्देश्य राज्य में विलुप्त हो रही हस्तकलाओं को पुनर्जीवित करना है।

संस्थान हस्तशिल्प के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करावने में अहम भूमिका निभाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

निदेशालय के माध्यम से प्रदेश के हस्तशिल्पों एवं हथकरघा बुनकरों के आर्थिक उत्थान एवं विकास के लिए सुनियोजित कार्य किया जाएगा।

बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों के उत्पादों के लिए बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था के साथ ही निर्यात में मदद की जाएगी।

## ■ सीएम अशोक गहलोत ने 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित राजस्थान' लोगो का अनावरण किया–

23 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने 'सुरक्षित स्कूल सुरक्षित राजस्थान' अभियान के लोगो का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने 'नो बैग डे' की तीन निर्देशिकाओं का भी विमोचन किया। इसमें कक्षा 1-5 के लिए 'अंकुर-प्रवेश', कक्षा 6-8 के लिए 'दिशा' तथा कक्षा 9-12 के लिए 'क्षितिज-उन्नति' निर्देशिका शामिल हैं।

**Newspaper of 26 August, 2023**

## ■ मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने 'कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग रूल्स, 2023' के प्रारूप को मंजूरी दी, इससे पार्ट-टाइम कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी–

अगस्त, 2023 में मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने पार्टटाइम कार्यरत मानदेयकर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'राजस्थान पार्ट टाइम कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग रूल्स, 2023' के प्रारूप को मंजूरी दी है। इन नियमों के तहत मानदेय कार्मिकों का 2-3 लाख रुपए तक का रिटायरमेंट सहायता पैकेज सुनिश्चित हो सकेगा। इसके अन्तर्गत/तहत—

- ♦ प्रारूप को मन्त्रिमण्डल की सहमति मिलने के बाद नियमों के तहत पार्ट-टाइम कार्मिकों को निर्धारित सेवा अवधि पूर्ण करने पर सेवा समाप्ति, मृत्यु या सेवानिवृत्ति की स्थिति में परिलाभ दिए जाएंगे।
- ♦ कार्मिक द्वारा 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर 2 लाख रुपये, 15 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर 2.5 लाख रुपये, 20 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर 2.75 लाख रुपये एवं 25 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर 3 लाख रुपये का परिलाभ देना प्रस्तावित है।
- ♦ कार्मिक की सेवानिवृत्ति पर (समयावधि कुछ भी होते हुए) 3 लाख रुपये की राशि दिया जाना प्रस्तावित है।
- ♦ मुख्यमन्त्री ने राज्य बजट वर्ष 2023-24 में पार्ट-टाइम आधार पर कार्यरत मानदेय कर्मियों आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, सहायिका, कुक, फर्राश आदि को उचित संरक्षण एवं आर्थिक सहयोग देने की दृष्टि से नए नियम लागू करने की घोषणा की थी।

## ■ मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने आमजन को आपातकालीन स्थिति में सहायता प्रदान करने हेतु डायल 112 परियोजना के तहत 100 एफआरसी व्हीकल्स को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया–

25 अगस्त, 2023 को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने आमजन को आपातकालीन स्थिति में सहायता प्रदान करने हेतु डायल 112 परियोजना के तहत जयपुर और जोधपुर कमिश्नरेट, जयपुर और जोधपुर ग्रामीण जिलों, कोटा सिटी, अजमेर, भीलवाड़ा, उदयपुर, बीकानेर जिलों के लिए 100 फर्स्ट रेस्पोंस व्हीकल (एफआरवी) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

- ♦ परियोजना के अगले दो चरण में क्रमश: 100 और 300 वाहन 20 सितम्बर तथा 20 अक्टूबर तक उपलब्ध होंगे।
- ♦ मुख्यमन्त्री ने राज्य बजट वर्ष 2023-24 में सभी जिलों के लिए 500 एफआरवी उपलब्ध कराने की घोषणा की थी।

## ■ एफआरवी की विशेषताएँ–

नई पीढ़ी के एफआरवी पुलिस वाहनों को आधुनिक मोबाइल डाटा टर्मिनल कैमरा, एनवीआर वायरलेस सेट, जीपीएस पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फर्स्ट एड बाक्स, स्ट्रेचर एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों से लैस किया गया है। वाहन कमाण्ड कंट्रोल सेन्टर में डायल 112 से जुड़े रहेंगे।

वाहनों की वास्तविक लोकेशन को ट्रैक किया जा सकेगा। आपात स्थिति में डायल 112 पर सम्पर्क करने पर डिस्पेचर सम्बन्धित मोबाइल डाटा टर्मिनल वाहन निर्देशित करेंगे। नजदीकी वाहन त्वरित गति से सहायता उपलब्ध कराएगा।

**Newspaper of 27 August, 2023**

## ■ राजस्थान में विभिन्न जिलों में 7 स्थानों पर पैनोरमा का निर्माण होगा–

राजस्थान सरकार ने राज्य में विभिन्न जिलों में 7 स्थानों पर पैनोरमा निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। ये पैनोरमा अजमेर, भरतपुर, जयपुर, भीलवाड़ा, करौली और जालौर में बनेंगे।

| स्थान | 'पैनोरमा' जिसका निर्माण होगा |
|---|---|
| अजमेर | – पृथ्वीराज चौहान पैनोरमा |
| जैसलमेर | – पोकरण में इन्दिरा महाशक्ति भारत पैनोरमा |
| डीग | – भरतपुर महाराजा सूरजमल पैनोरमा |
| जयपुर | – स्वतन्त्रता सेनानी पैनोरमा |
| भीलवाड़ा | – आसींद में बगड़ावत सवाई भोज पैनोरमा |
| करौली | – कैला देवी पैनोरमा |
| जालौर | – वीरमदेव कान्हड़देव चौहान पैनोरमा |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## ■ जोधपुर में एमआईसीई सेंटर बनेगा–

राजस्थान में कला और व्यापार पर्यटन को बढ़ावा देने में एमआईसीई (मीटिंग इंसेंटिव कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन) सेंटर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके तहत जोधपुर जिले में एमआईसीई सेंटर बनेगा।

राज्य सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र में सिरमौर बनने की प्रतिबद्धता में यह निर्णय लिया गया है। इससे एमआईसीई टूरिज्म को गति मिलेगी।

यह सेंटर जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के लिए आवण्टित भूमि पर बनेगा।

### Newspaper of 28 August, 2023

## ■ 'राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड का नाम अमृता देवी के नाम पर करने की घोषणा–

अगस्त, 2023 में मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने राज्य जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड का नाम अमृता देवी के नाम पर करने की घोषणा की है। गौरतलब है कि भारतीय इतिहास की महान पर्यावरणवादी अमृता देवी का बलिदान सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने और संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

## ■ राजस्थान की दो महिला शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का सम्मान–

राजस्थान की दो महिला शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है। इन दो महिला शिक्षकों में अलवर की आशारानी सुमन और जोधपुर की शीला आसोपा हैं। उन्हें यह पुरस्कार 5 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार सम्मान, 2023 के अन्तर्गत प्रदान किया गया। इन्हें नेशनल अवार्ड के तहत सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, 50 हजार रुपए की राशि और सिल्वर मैडल प्रदान किया जाएगा।

**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिकाएँ एक नजर में–**

**शीला आसोपा**–जोधपुर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्याम सदन में कार्यरत शीला आसोपा ग्रामीण स्तर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। शीला ने बालिका शिक्षा जागरूकता, बालिका नामांकन वृद्धि, शिक्षा में आईसीटी के प्रयोग से नवीन तकनीक का समावेश करने, जल संचय, जल संरक्षण जागरूकता, पौधारोपण अभियान स्वच्छ हाथ-स्वच्छ, जल-स्वस्थ शरीर अभियान व ग्रामीण विद्यालय में नामांकन वृद्धि के साथ शिक्षा जागरूकता के लिए विशेष नवाचार किए हैं। उन्हें पूर्व में भी जल शक्ति मन्त्रालय की ओर से राष्ट्रीय वाटर अवार्ड व वाटर हीरो अवार्ड सहित कई पुरस्कार से नवाजा गया है। स्वच्छ हाथ, स्वस्थ शरीर ग्रामीण जागरूकता के लिए वे इंडिया बुक ऑफ रेकार्ड व वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ इंडिया में भी अपना नाम दर्ज करवा चुकी है।

**आशा रानी सुमन**–अलवर जिले के राजगढ़ क्षेत्र में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खारखड़ा की शिक्षिका आशा रानी सुमन को यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए दिया जा रहा है। इन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा पर काम किया।

## ■ राजस्थान प्रीमियर लीग का शुभारम्भ–

27 अगस्त, 2023 को राज्य की क्रिकेट प्रतिभाओं को एक मंच देने के लिए 'राजस्थान क्रिकेट संघ' द्वारा आयोजित 'राजस्थान प्रीमियर लीग' (आरपीएल) का शुभारम्भ जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में हुआ।

राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) में कुल 6 टीमें–जयपुर इंडियंस, जोधपुर सनराइजर्स, भीलवाड़ा बुल्स, कोटा चैलेंजर्स, उदयपुर लेकसिटी और सीकर शेखावाटी शोल्डर खेलेंगी।

आरपीएल के ब्रांड एम्बेसेडर–पूर्व क्रिकेटर कपिल देव (वर्ष 1983 का वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान) हैं।

### Newspaper of 29 August, 2023

## ■ राज्य में न्यूनतम मजदूरी में 26 रु. प्रतिदिन की बढ़ोत्तरी हुई, 1 जनवरी, 2023 से लागू होगी–

हाल ही में राज्य सरकार ने राज्य में न्यूनतम मजदूरी में 26 रु. प्रतिदिन की बढ़ोत्तरी की है। यह 1 जनवरी, 2023 से लागू होगी। न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोत्तरी के बाद अब मजदूरी की दरें निम्न रहेंगी—

—अकुशल श्रमिक को वर्तमान 259 रु. प्रतिदिन के स्थान पर 285 रु. प्रतिदिन या 7,410 रु. प्रतिमाह मिलेंगे।

—अर्द्धकुशल श्रमिक को वर्तमान 271 रु. प्रतिदिन के स्थान पर 297 रु. प्रतिदिन या 7,722 रु. प्रतिमाह मिलेंगे।

—कुशल श्रमिक को वर्तमान 283 रु. प्रतिदिन के स्थान पर 309 रु. प्रतिदिन या 8,034 रु. प्रतिमाह मिलेंगे।

—उच्च कुशल श्रमिक को वर्तमान 333 रु. प्रतिदिन के स्थान पर 359 रु. प्रतिदिन या 9,334 रु. प्रतिमाह मिलेंगे।

### Newspaper of 31 August, 2023

## ■ राजस्थान का पहला खनन विश्वविद्यालय बाराँ में खुलेगा–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

राजस्थान का पहला खनन विश्वविद्यालय राज्य के बाराँ जिले के सीसवाली कस्बे में खुलेगा। इस विश्वविद्यालय में विद्यार्थी खनन से जुड़ी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विश्वविद्यालय सीसवाली में 25 हैक्टेयर भूमि पर बनेगा। विश्वविद्यालय को राजस्थान स्टेट माइन्स एवं मिनरल स्थापित करेगा। विश्वविद्यालय में खनिज अन्वेषण के साथ नई तकनीक, नए खनिज से सम्बन्धित उद्योगों की स्थापना एवं निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा।

■ **राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार : वर्ष 2022-23 के लिए नाम घोषित–9 उद्यमियों, 2 बुनकरों एवं 1 हस्तशिल्पी को मिलेगा–**

हाल ही में राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों की घोषणा की गई है। यह पुरस्कार 17 सितम्बर को एमएसएमई दिवस पर दिए जाएंगे।

विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम श्रेणी में कुल 9 उद्यमियों को राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

इस दौरान प्रदेश के बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन देने के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार

**टर्नओवर में उत्कृष्ट वृद्धि**–सूक्ष्म उद्यम श्रेणी में लोटस हाई-टेक इण्डस्ट्रीज (उदयपुर), लघु उद्यम श्रेणी में सारड़ा मेटल पाउडर्स एलएलपी (जयपुर), मध्यम उद्यम श्रेणी में सुविधि रेयॉन्स प्रा. लिमिटेड (भीलवाड़ा) तथा यूनिक्लेन हेल्थकेयर प्रा. लिमिटेड (जयपुर) को संयुक्त रूप से दिया जाएगा।

**उत्कृष्ट व्यावसायिक व्यवहार**–सूक्ष्म उद्यम श्रेणी में ब्ल्यूकेयर सिस्टम्स प्रा. लिमिटेड (भीलवाड़ा), लघु उद्यम श्रेणी में कल्टीवेटर नेचुरल प्रोडक्ट्स प्रा. लिमिटेड (जोधपुर) और मध्यम उद्यम श्रेणी में अनंता मेडिकेयर लिमिटेड (श्रीगंगानगर) को मिलेगा।

**उत्कृष्ट महिला उद्यमी**–लघु उद्यम श्रेणी में शेखावाटी इम्पेक्स (जयपुर) एवं मध्यम उद्यम श्रेणी में प्लास्टीवीव इण्डस्ट्रीज एलएलपी (उदयपुर) पुरस्कार दिया जाएगा।

**राजस्थान बुनकर रत्न पुरस्कार**–श्री जेबुनिशा (कोटा) और श्री मोहम्मद यासीन (बाराँ) को संयुक्त रूप से।

**राजस्थान हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार**–श्री इन्दर सिंह कुदरत (जयपुर) को दिया जाएगा।

■ **राजस्थान के सभी 50 जिलों में जल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशालाएँ स्थापित होंगी–**

हाल ही में राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी 50 जिलों में जल गुणवत्ता जाँच प्रयोगशालाएँ स्थापित करने की घोषणा की गई है। वर्तमान में 33 जिलों में प्रयोगशालाएँ हैं, अब नए बने 17 जिलों में भी स्थापित होंगी।

■ **राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी का गठन को मंजूरी–**

अगस्त, 2023 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी के गठन को मंजूरी दी है। यह अकादमी जैन धर्म के लोक साहित्य का प्रकाशन एवं जैन समुदाय का पुरातात्विक धरोहरों एवं मंदिरों के पुनरुद्धार व संरक्षण हेतु कार्य करेगी।

□□□

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

48 वर्षों से आपका विश्वसनीय

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

राजस्थान में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु

# संजीव प्रकाशन


द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें।

### कैलाश नागौरी द्वारा लिखित पुस्तकें











### मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार पुस्तकें




संजीव वेबसाइट से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क डाउनलोड करें।

साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।


प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com